







# पत्रकार के घर में घुसकर प्राणघातक हमला, पुलिस ने रिपोर्ट लिखने से किया इनकार

## चित्रकूट थाना पुलिस ने मोटी रकम लेकर फरियादी को बनाया आरोपी

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 10 अक्टूबर । जहां पुलिस को जन सेवा की नजरों से देखा जाता है वहीं चित्रकूट थाना पुलिस का एक कारनामा प्रकाश में आया है ।बीती रात्रि 8 सितंबर को पत्रकार अमर सिंह के घर पर शाम लगभग 7 बजे घर में घुसकर प्राण घातक हमला करने की कोशिश की गई।**

जिसमें पहले राहुल यादव निवासी फतेहगंज एवं अमर सिंह निवासी अतर्रा दो लोग मोटर साइकिल से आए और घर में घुसकर मारपीट करना शुरू कर दिए देखते ही देखते एक गाड़ी नं.यूपी 70 ईसी 1200 को कुछ आगे गाड़ी खड़ी कर पीड़ति के घर पहुंच कर एक साथ मारपीट करना शुरू कर दिया जिसमें पत्रकार अमर सिंह का परिवार और अपना बचाव करने का प्रयास करने लगे तो हमलावरों ने पत्रकार अमर सिंह को समीप में बनी नाली पर गिरा दिया । पूर्व से पत्रकार अमर सिंह एक पैर फैक्कर है जिसके कारण पैर पुन: पहले की स्थिति में आ पहुंच गया है मारपीट कर उक्त गाड़ी यूपी 70 ईसी1200 में सवार होकर आधा दर्जन से अधिक लोग सीधे थाने पहुंचे और उल्टा पत्रकार अमर सिंह पर मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी को




उस समय का वीडियो शूट दिखाकर जब अमर सिंह अपना और परिवार का बचाव कर रहा था रिपोर्ट दर्ज करवा दी। जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी पत्रकार के खिलाफ रिपोर्ट प्रथम श्रेणी के अधिकारी की जांच के बाद ही लिखी जाय। जब फरियादी अमर सिंह पत्रकार का परिवार भी अपनी रिपोर्ट लिखाने पहुंचा तो पुलिस ने फरियादी की बात को अनदेखा करते हुए रात 10-30 बजे तक थाने में बैठाए रखा । पुलिस ने पत्रकार अमर सिंह की फरियाद पर कोई कार्रवाई नहीं की और फरियादी को यह कहकर भगा दिया कि तुम्हारी रिपोर्ट नहीं लिखी जाएगी तुम्हारे पास कोई सबूत नहीं है वहींआरोपियों ने एक वीडियो शूट किया है और उस वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को फरियादी मान लिया जो वास्तविक फरियादी था उसके खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया गया पुलिस ने यह नहीं सोचा कि आखिर घटना का वास्तविक घटना क्या है पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर उसका मुआयना करना भी उचित नहीं समझा और और फरियादी अमर सिंह पत्रकार की बात सुनने से इनकार कर दिया ।

सूत्रों के मुताबिक यह घटना एक साजिश के तहत खारिज कर आधा वीडियो दिखाया गया और पुलिस ने मोटी रकम लेकर वास्तविक फरियादी था उसे अपराधी बना दिया गया है। फरियादी ने पुलिस अधीक्षक सतना से अनुरोध किया है कि उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर हुए दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए । इस संबंध में लिखित आवेदन एसडीओपी चित्रकूट थाना प्रभारी चित्रकूट दिया गया तथा डाक से पुलिस अधीक्षक सतना को भेजा है ।

### हमले का वीडियो लाओ तब रिपोर्ट लिखेंगे

प्रभारी डीएस शर्मा का कहना है कि घर में घुस हमला करना कोई बड़ी बात नहीं जिस समय आपके साथ मारपीट हो रही थी उसे समय का वीडियो है आपके पास, वीडियो हो तो मैं रिपोर्ट लिखने को तैयार हूं जब यह पूछा गया कि आपने उनकी रिपोर्ट क्यों दर्ज की गई थाना प्रभारी का कहना है आपके दरवाजे सिर्फ दो लोग ही आए थे जबकि पत्रकार अमर सिंह का कहना है कि मेरे दरवाजे मोटर साइकिल के अतिरिक्त चार पहिया गाड़ी नंबर यूपी 70 ईसी 1200 से आधा गार्डन से अधिक लोग आए थे उनको मैं नहीं पहचानता हां गाड़ी का नंबर और फोटो जरूर है इसी आधार पर मैंने रिपोर्ट लिखने आवेदन दिया है जिससे स्पष्ट होता है कि हमला करने वाले पूर्व से योजना बध्द तरीके से आए थे जब पत्रकार अमर सिंह परिवार अपना बचाव कर रहे थे उसी समय उन्होंने वीडियो बना कर रिपोर्ट का आधार बना लिया।

# झिन्ना ग्राम पंचायत के विकास के लिए सरपंच,पंच और ग्रामीण 3 दिन से आमरण अनशन पर

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 10 अक्टूबर। मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत झिन्ना के सरपंच कोमल चंद्र चौरसिया एवं पंच और ग्रामीण जनों के द्वारा गांधी चौक झिन्ना में शासन, प्रशासन एवं सांसद सतना गणेश सिंह के विरोध व ग्राम विकास हेतु आमरण अनशन पर बैठे हुए 3 दिवस हो चुके हैं । लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।**

सरपंच और ग्रामीणों का आरोप है कि शासन के मंशा अनुरूप और ग्राम जनों की खुशहाली हेतु जन भागीदारी जन सहयोग से लगभग 5 करोड़ रुपए का निवेश करके अपनी ग्राम पंचायत झिन्ना में 100 हाट बाजार की दुकान निर्माण सार्वजनिक मैरिज गार्डन, सार्वजनिक 2 शौचालय निर्माण एवं




समूचे ग्राम का सौन्दर्यीकरण हेतु 3 वर्षों से कलेक्टर सतना फिर कलेक्टर मैहर को लगातार 7आवेदन किया गया कि ग्राम पंचायत झिन्ना में स्थित मध्यप्रदेश शासन की आराजी नम्बर 197,113/2,583,626,846/1 के अंश भागों को ग्राम पंचायत झिन्ना को सुरक्षित कर विकास हेतु दिया जाये। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरपाटन में भी 13 आवेदन दिये गये जिसमें शासकीय जमीनों से अतिक्रमण हटाने एवं अन्य कार्यों हेतु आवेदन किये जा चुके हैं ।नायब तहसीलदार ताला में भी 70 से 80 आवेदन किये गये किन्तु प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग सकी। मुख्य रूप से वर्ष 2012-13 में बनी हाट बाजार की 20दुकानों से प्रति दुकानों से 57600/-रुपये की वसूली की कार्यवाही करना व आंगनबाड़ी केंद्र से अतिक्रमण हटाना व तालाबों से अतिक्रमण हटाना एवं अन्य कार्यों हेतु आवेदन किये गये लेकिन कहीं से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई क्योंकि सतना सांसद गणेश सिंह अपने स्वाजातीय रिस्ते के दामाद सत्येन्द्र सिंह के भ्रष्टाचारों को दबाने हेतु झिन्ना पंचायत के कोई कार्यवाही न हो इसके लिए कलेक्टर मैहर को 2 पत्र और जिला पंचायत सतना को पत्र लिखा गया और तो और अपने स्वाजातीय रिस्ते के दामाद सत्येन्द्र सिंह को बचाने हेतु दिनांक 25 फरवरी 2013 को लोकायुक्त आईजी भोपाल को पत्र में सांसद ने लिखा की समस्त दस्तावेज देखकर कहीं भी भ्रष्टाचार प्रतीत नहीं होता सम्मानित व्यक्ति को दोषी न बनाया जाये लेख किया गया जबकि इस पर विधिवत जांच कर दोषी पाये जाने पर न्यायालीन कार्यवाही हेतु लोकायुक्त द्वारा पेश किया गया जिस पर पूर्व सरपंच सत्येंद्र सिंह सचिव दीपक चौरसिया को 5 वर्ष की सजा सुनाई गई। इन्हीं सब कारणों के चलते सांसद सतना झिन्ना ग्राम के विकास कार्यों पर बाधा डाला जा रहा है। जिस कारण प्रशासन झिन्ना सरपंच के समस्त आवेदनों को ठन्डे बस्ते में बांधकर रखा जा रहा है।

उक्त सभी समस्या से परेशान होकर ग्राम के विकास हेतु प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, पंचायत मंत्री भोपाल, प्रधानमंत्री, अध्यक्ष लोकसभा, अध्यक्ष मानवाधिकार दिल्ली के साथ आयुक्त रीवा को दिनांक 23 सितंबर 25 को आवेदन देकर कहा गया कि यदि 15 दिवस के अन्दर पंचायत की समस्त समस्या का निदान नहीं किया जाता है तो 15 दिवस बाद आमरण अनशन के लिए बाध्य होंगे और जबतक प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव निराकरण नहीं करते हैं तब तक आमरण अनशन अनवरत जारी रहेगा।

# पद्मश्री डा बी के जैन लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 10 अक्टूबर। परम हंस संत रणछोड़ दास जी द्वारा स्थापित विश्व ख्यातिलब्ध सदगुरू नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड के अधिकारियों ने उदयपुर अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित उड़ान नाइट ऑफ़ होप एंड विजन आयोजन में प्रतिभाग किया।**

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में दृष्टिहीनता की रोकथाम और नेत्रदान के महत्त्व पर प्रकाश डालना। चिकित्सा के क्षेत्र में देश में नही अपितु विश्व में अपनी अलग पहचान बनाने वाले श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवम् डायरेक्टर पद्मश्री डा बी के जैन को उनके नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में पांच दशक से अथक परिश्रम करके जो नाम कमाया है उसके लिए उन्हें




इस कार्यक्रम में अलख नयन मंदिर की ओर से प्रतिष्ठित लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो समूचे चित्रकूट क्षेत्रवासियों के लिए एवं समस्त सद्गुरु परिवार के सदस्यों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। इस मौके पर कम्युनिटी ऑप्थल्मोलाजी विभागाध्यक्ष डॉ प्रवीण वशिष्ठ,विजन 2020 अध्यक्ष डॉ राजेश सैनी और कुलदीप सिंह, सुबीश कुय्यादिल,संजय सिंघल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में



### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किये मां शारदा के दर्शन

**मैहर** । राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस (एनसीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा का माँ शारदा के दर्शन के लिए मैहर आगमन हुआ, जहां माता शारदा की आरती के तत्पश्चात प्रधान पुजारी पवन महाराज (दाऊ सरकार) के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया जहां पुजारी नितिन महराज भी रहे,धीरज शर्मा के स्वागत में राष्ट्रीय सचिव युवा धीरज मिश्रा सीलोन, सतना जिला अध्यक्ष शिवराम दुबेदी, महासचिव वीरभान सिंह बघेल, विष्णु सोनीयुवा प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील गुप्ता हरेश जायसवाल, विजय सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे ।

### न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ उद्घोषणा जारी की

**कोटर**। क्षेत्र के अंबेर निवासी ताम्रध्वज सेन पिता शंकुल सेन उर्म 49 बर्ष को न्यायालय द्वारा ड्डस्नश्चह्य एक्ट की धारा 8 ।21.22 एक्ट 5.13 मध्यप्रदेश ड्ग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध किया गया है या संदेह है कि उसने किया है और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया कि उपरोक्त आरोपी नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान रूप से यह दशित कर दिया गया है कि ताम्रध्वज सेन फरार हो गया है उस वारंट की अपने आप को छिपा रहा है इस न्यायालय द्वारा उद्घोषणा कि। जाती है कि अभियुक्त ताम्रध्वज सेन से अपेक्षा की जाती है कि इस न्यायालय के समझ या मेरे समझ उक्त परिवाद उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में 28.10.25 तक हाजिरी हो।

### जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल एंट्री परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ी

**नागौद**। जवाहर नवोदय विद्यालय लैटरल एंट्री चयन परीक्षा (एल. ई. एस.टी) 2026- कक्षा 9 वीं व 11वीं में संभावित रिक्त स्थानों के सापेक्ष प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 तक बढ़ाई गई है।जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने कक्षा 9 वीं व 11वीं जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (एल. ई. एस.टी) 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 21 अक्टूबर 2025 तक अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। समिति ने यह महत्वपूर्ण निर्णय प्रशासनिक कारणों से लिया है, ताकि पूरे देश से अधिक से अधिक योग्य छात्र-छात्राएँ इस प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकें और उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश पाने का सुनहरा अवसर मिल सके। नवोदय विद्यालय समिति सभी इच्छुक अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अनुरोध करती है कि वे इस विस्तारित समय का सदुपयोग करें और जल्द से जल्द अपने आवेदन पत्र भरें। यह आपके बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक अहम कदम है। अधिक जानकारी के लिए और आवेदन करने हेतु, कृपया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

### 1 किलो 325 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मैहर**।जिले के रामनगर थाना पुलिस ने पुन्नी में 1 किलो 325 ग्राम गांजा लेकर बिक्री कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दिनांक 8.10.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोविन्दपुर में द्विवेदी किराना दुकान के पास रोड के किनारे ग्राम हटवा का दीपू द्विवेदी एक पन्नी में गांजा बिक्री करने के लिये रखे है ।यदि त्वरित कार्यवाही नहीं की गई तो गांजा को खुर्द बुर्द कर सकता है ।मुखबिर की सूचना पर निरी. विजय त्रिपाठी थाना प्रभारी रामनगर द्वारा टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार उक्त स्थान में पहुंचकर घेराबंदी की जाकर मनोज कुमार द्विवेदी उर्फ दीपू पिता केशव प्रसाद द्विवेदी उम्र 38 साल निवासी ग्राम हटवा के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा 01 किलो 325 ग्राम कीमत 14000 पाये जाने पर मौके से जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध धारा 08/20(ड्ढ) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय पेश किया गया है ।इस कार्रवाई में निरी. विजय त्रिपाठी थाना प्रभारी रामनगर , सउनि समरजीत कोल , प्रआर. नितीश यादव, प्रआर. कमलभान सिंह, आर.राजेश यादव, ,आर. आशीष रावत , आर. गुड्डू पटेल शामिल रहे।

# नशीली प्रतिबंधित 392 कैप्सूल के साथ तस्कर गिरफ्तार , दूसरे की तलाश

नवभारत न्यूज

**कोटर 10 अक्टूबर।जिले की कोटर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रतिबंधित नशीली 392 कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। तस्कर के बताए दूसरे आरोपी को पुलिस तलाश रही है।**

पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह के आदेशानुसार थाना क्षेत्र में लगातार व सतत् अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के तारतम्य में , दिनांक 08.10.2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना प्रेमलाल कुर्वे एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्या.) मनोज दीक्षित के निर्देशन में थाना प्रभारी थाना कोटर श्री दिलीप मिश्रा द्वारा सउनि रामयश वर्मा के हमराह टीम गठित कर रेड कार्यवाही की गई । रेड कार्यवाही के दौरान घटनास्थल सतना सेमरिया रोड ग्राम माधवपुर से आरोपी रमेश प्रसाद दाहिया पिता भोला प्रसाद दाहिया उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्र.14 सेमरिया थाना सेमरिया जिला रीवा के कब्जे से Dicyclomine HCL, Tramadol HCLAcetaminophen Copsules PYEEVON SPAS PLUS नशीली कैप्सूल कुल 49 स्ट्रिप्स 392 कैप्सूल कुल कीमती 3880.80 रू.की जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । आरोपी द्वारा नशीली कैप्सूल अबेर निवासी तेज नारायण द्विवेदी उर्फ अंकित द्विवेदी पिता लक्ष्मीकांत द्विवेदी उम्र 28 वर्ष के द्वारा देना बताया गया उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध थाना कोटर में अपराध क्र. 277/25 धारा 8,21,22 ह्रष्ठक्क, 5/13 स्क्क्रष्ट एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है दूसरे आरोपी तेज नारायण द्विवेदी उर्फ अंकित द्विवेदी को पता तलाश हेतु पुलिस टीम रवाना कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# बॉक्साइट और लेटराइट का बड़ा भंडारण पकड़ा गया

नवभारत न्यूज

**कोटर 10 अक्टूबर। कोटर, रखौंधा पहाड़ के चितगढ़ में खनिज विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा अवैध खनन और भंडारण पकड़ा है।**

इस कार्रवाई में हजारों टन बॉक्साइट और लेटराइट का अवैध डंप पाए जाने की खबर है। खनिज माफियाओं के लीज क्षेत्रों में अवैध उत्खनन कर निजी एवं शासकीय जमीनों से अवैध तरीके से लेट्टाइड के भंडारण किया गया था, यह लेट्टाइड अवैध खनन



धारकुंडी एवं रीवा जिले के सेमरिया के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहा है। कई हजारों टन बताया जा रहा अवैध भंडारण। कलेक्टर के हस्ताक्षेप के बाद हुई कार्रवाई पर लेन-देन का मैनेजमेंट शुरू हो गया है। जबकि करही और निमहा में लगभग 15 से 20 हजार टन बाक्साइड का अवैध स्टाक है।

# ऐतिहासिक किले में पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ दशहरा पर्व




नवभारत न्यूज

**नागौद 10 अक्टूबर। नागौद रियासत के महाराज शिवेंद्र सिंह जूदेव के पावन सानिध्य में किला परिसर में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लासपूर्वक दशहरा मिलन एवं गद्दी पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आचार्य पुरोहितों द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ बरमैं गद्दी का पूजन अर्चन कराया गया।**

उपस्थित जनों ने महाराज शिवेंद्र सिंह जूदेव का तिलक किया पूर्व मंत्री विधायक नागेंद्र सिंह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि यह परंपरा हमें हमारी जड़ों से जोड़ती है और यह संकल्प दृढ़ करती है कि नागौद की आत्मा, उसकी गौरवमयी परंपरा और अमर वंशावली युगों-युगों तक अजेय और अमर बनी रहेगी ।विधिवत गद्दी पूजन के उपरांत महाराज श्री ने सभी उपस्थित जनों का आत्मीय अभिवादन स्वीकार करते हुए समस्त क्षेत्रवासियों को दशहरे की हृदय से शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया मुख्य रूप से राज परिवार के कुंवर इंद्रजीत सिंह कुंवर पशुपतेद्र सिंह कुंवर प्रीतेंद्र सिंह राव साहब मनीष प्रताप सिंह विनीत सिंह कुंवर आशीष सिंह राणा प्रताप सिंह जय नारायण सिंह महेंद्र सिंह संजय सिंह डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह नरेंद्र सिंह समर सिंह नीति राज सिंह रवि सिंह अमन सिंह अजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### कोठी प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ियों का आप्शन कल

**कोठी** ।अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की स्मृति में कोठी के खेल मैदान में छठवीं कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों की आप्शन का आयोजन 12 अक्टूबर को होगा जो कोठी के शिवम मैरिज गार्डन तहसील कार्यालय के सामने सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों कैप्टन एवं सभी आनर को उक्त आक्शन में सम्मिलित होने के लिए कहा है जिससे कि खेल की सभी तैयारी की जा सके।

### दीन सहायक संस्था कोठी में निशुल्क नेत्र शिविर 16 को

**कोठी** ।संस्था के मीडिया विभाग ने बताया कि हर महीने की भांति इस महीने भी 16 अक्टूबर को कोठी के दीन सहायक संस्था कोठी एवं श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर आयोजित होगा। शिविर में चिकित्सक निशुल्क नेत्र जांच करेंगे। शिविर सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 11बजे तक चलेगा। नेत्र रोगी इसका लाभ प्राप्त करने के लिए संस्था प्रांगण पर अपना आधार कार्ड लेकर समय से 15 मिनट पूर्व पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करवा कर सुविधा प्राप्त कर सकते हैं रोगियों पर मोतियाबिंद पाए जाने पर निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही अन्य रोगियों को चश्मा व दवा वितरित की जाएगी।

# मासूमों का नेवाला डकार रहीं हैं समूह अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**रामनगर 10 अक्टूबर। मैहर जिले के रामनगर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बाबूपुर में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एकलव्य महिला स्व सहायता समूह मासूमों के निवाले में भारी गड़बड़ी कर रहा है।**

समूह अध्यक्ष तिजिया कोल बच्चों को शासन के मीनू अनुसार भोजन नहीं कराया जाता ना ही छात्र संख्या अनुसार भोजन तैयार किया जाता । दिनांक 25 सितंबर 2025 दिन गुरुवार को कक्षा एक से लेकर 5 तक के छात्रों की उपस्थिति मात्र पांच थी वहीं कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों की उपस्थिति 23 थी जिसमें समूह अध्यक्ष के द्वारा बच्चों को खाने के लिए मात्र 2 किग्रा चावल भेजा गया । इस पर खाना बनाने वाली कार्यकर्ता ने



बताया कि अध्यक्ष लगातार छात्रों की उपस्थिति अनुसार खाद्यान्न नहीं देती यदि हम लोगों के द्वारा बताया जाता है तो समूह अध्यक्ष के द्वारा अभद्र भाषा बोली जाती है वह अपने मनमानी तरीके से खाद्यान्न देती है और ना ही मीनू के अनुसार कभी बच्चों को भोजन नहीं कराया जाता और सबसे बड़ी बात यह है कि मंगलवार के दिन बच्चों के लिए विशेष रुचिकर भोजन जैसे खीर हलवा या पुलाव होना चाहिए उनके द्वारा छोटा पैकेट पाउडर का दूध दिया जाता है जो कि वह भी भरपूर मात्रा में नहीं रहता।

अब देखना यह है कि मैहर जिला कलेक्टर महोदय एवं रामनगर के शिक्षा विभाग अधिकारी एवं ब्लाक के अधिकारी ऐसे लापरवाह समूह अध्यक्षों के ऊपर कार्यवाही करेंगे यह की इसी तरह बच्चों के साथ लापरवाही बढ़ती जाएगी।

# तालाबनुमा सड़क को बनाया चलने लायक

नवभारत न्यूज

**मैहर 10 अक्टूबर। जनहित की आवाज़ जब ज़मीन से उठती है, तो सरकार के गलियारों तक उसकी गूंज पहुंचती ही है। भाजपा नेता पवन दुबे द्वारा उठाया गया लिंक रोड बना जलकुंड मुद्दा अब साकार परिणाम लेकर आया है।**

समाचार प्रकाशन के उपरांत जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से संज्ञान लेते हुए सड़क की मरम्मत और जल निकासी का कार्य प्रारंभ कर दिया। जहाँ कुछ दिन पूर्व नागरिकों को पैदल चलना भी कठिन था, वहीं आज आवागमन सुगम हो गया है। पवन दुबे ने इस प्रशासनिक तत्परता के लिए अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब शासन और प्रशासन जनता की तकलीफ़ों को संवेदनशीलता से सुनते हैं तो परिवर्तन अवश्य होता है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम किसी प्रदर्शन या दिखावे का



नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा को आवाज़ देने वाले सच्चे प्रयास का परिणाम है। श्री दुबे ने स्पष्ट कहा कि यह जो सड़क सुधार कार्य हुआ है, वह तात्कालिक उपचार मात्र है स्थायी समाधान तब होगा, जब यहाँ कंक्रीट सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि भविष्य में इस मार्ग का स्थायी कायाकल्प कर, इसे मैहर नगर की जीवनरेखा सड़क के रूप में विकसित किया जाए। श्री दुबे ने इस अवसर पर कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया कहा करते थे कि जिंदा कौमें पाँच साल इंतज़ार नहीं करतीं। आज मैहर की जनता ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब जनता जागती है तो व्यवस्था खुद चलकर आती है। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कार्यसंवेदनशीलता और कृत-संकल्प शासन नीति की सराहना करते हुए कहा कि मोहन सरकार का लक्ष्य सदैव यही रहा है कि जनता की समस्या संज्ञान में आते ही कार्रवाई और परिणाम तक पहुँचने में कोई देरी न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन की यह त्वरित प्रतिक्रिया, मुख्यमंत्री की उसी नीति की सफलता का परिचायक है जो जनता के हित में तेज़, पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रणाली की पहचान बन चुकी है ।अंत में पवन दुबे ने कहा कि यह सिर्फ सड़क का सुधार नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी और जिम्मेदार नेतृत्व की जीत है यदि हर जनप्रतिनिधि सत्ता से सवाल पूछने के बजाय जनता की बात ज़मीन से उठाए तो लोकतंत्र सिर्फ शब्द नहीं जीवंत शक्ति बन जाएगा।